महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

डा0 देवेश चतुर्वेदी,
प्रमुख सचिव,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक : 222/पी0एस0एम0एच0/2019 लखनऊ : दिनांक 19 दिसम्बर, 2019

**विषय : आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल किये गये असत्यापित परिवारों का पुनः सर्वेक्षण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये डाटा के अनुसार राज्य में आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सम्मिलित परिवारों की कुल संख्या 1,18,02,300 है जबकि अप्रैल, 2018 में Additional Data Collection Drive (ADCD) के उपरान्त मात्र 80,99,199 परिवार पाये गये जिनका मिलान एस0ई0सी0सी0–2011 के डाटा से हो पाया। शेष 37,03,101 परिवार जो तत्समय नही पाये गये, उनको तीन श्रेणियों में चिन्हित किया गया था जो इस प्रकार हैं :–

क– Families migrated ख– Families could not be contacted ग– Families do not exist

अब तक बनाये गये गोल्डेन कार्ड की समीक्षा से यह संज्ञान में आया है कि इन असत्यापित परिवारों के सदस्यों के भी गोल्डेन कार्ड बनाये गये हैं जिनकी कुल संख्या 1.28 लाख से अधिक है। इससे यह स्पष्ट है कि ADCD के दौरान तत्समय जिन परिवारों से सम्पर्क नही हो पाया था उनमें से कुछ अपने निवास स्थान पर लौट आये हैं अथवा वर्तमान में अपने निवास स्थान पर आवासित हैं। उक्त के परिपेक्ष्य में यह आवश्यक है कि इन असत्यापित परिवारों का पुनः सर्वेक्षण कराया जाये। तत्क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक जनपद में आशाओं के माध्यम से पुनः सर्वेक्षण कराते हुए इन परिवारों का सत्यापन किया जाये।

तत्क्रम में निम्नलिखित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी:–

1. साचीज द्वारा समस्त जनपदों को सर्वेक्षण हेतु असत्यापित परिवारों का डाटा संलग्न प्रारूप में (पी0डी0एफ0 फाइल में) ई–मेल द्वारा 26.12.2019 तक प्रेषित किया जायेगा।
2. मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में योजना के नोडल अधिकारी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पुनःसर्वेक्षण कार्य हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनायी जायेगी।
3. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रत्येक ग्राम / वार्ड का डाटा प्रिन्ट कराकर समय से सम्बन्धित आशाओं को 10.01.2019 तक उपलब्ध करा दिया जाये।
4. उपलब्ध कराये गये डाटा में सूचीबद्ध परिवारों से सम्बन्धित आशा द्वारा सम्पर्क किया जायेगा तथा प्रारूप में दिये गये स्थान पर मुखिया अथवा घर के किसी सदस्य का मोबाइल न0 एवं परिवार का राशन कार्ड न0 ( डिजिटाइज्ड / कम्प्यूटराइज्ड ) अंकित किया जायेगा। जिन परिवारों से सर्वेक्षण

के दौरान सम्पर्क नही हो पाता है, उन परिवारों का वर्गीकरण ''परिवार की स्थिति'' में दिये गये श्रेणी के समक्ष ☑ लगाकर किया जायेगा। यह सर्वेक्षण 25.01.2019 तक पूरा कर लिया जायेगा।

5. आशा द्वारा किये गये सर्वेक्षण के उपरान्त सर्वेक्षण शीट जनपद स्तर पर 31.01.2019 तक संकलित किया जायेगा।

6. मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि निर्धारित तिथि तक संकलित डाटा वेब पोर्टल **ayushmanup.in** पर अपलोड कर दिया जाये। डाटा अपलोड करने हेतु उक्त पोर्टल 01 फरवरी 2020 से 15 फरवरी तक खोला जायेगा। अतः यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाये कि कार्ययोजना के अनुरूप पुनःसर्वेक्षण का कार्य पूरा करें तथा संकलित डाटा पोर्टल पर अपलोड कराने हेतु 31.01.2019 तक उपलब्ध करा दिया जाये।

सर्वेक्षण हेतु प्रति सत्यापित परिवार आशा को रू0–5/– प्रोत्साहन राशि देय होगी। ई–मेल पर उपलब्ध कराये गये डाटा को प्रिन्ट कराने हेतु प्रति पृष्ठ रू0–2/– तक की धनराशि देय होगी। समस्त सर्वेक्षित परिवारों का डाटा पोर्टल पर अपलोड कराना मुख्य चिकित्साधिकारी का दायित्व होगा।

**संलग्नक : यथोक्त।**

भवदीय,

19/12/19

(डा0 देवेश चतुर्वेदी)
प्रमुख सचिव

पत्रांक : /पी0एस0एम0एच0/2019 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. मिशन निदेशक, एन0एच0एम0।
3. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0।
4. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।

(डा0 देवेश चतुर्वेदी)
प्रमुख सचिव

# RE-VERIFICATION DRIVE FOR AYUSHMAN BHARAT

DISTRICT NAME : ALLAHABAD
BLOCK NAME : BAHADURPUR
PANCHAYAT NAME : AMERSAPUR
VILLAGE NAME : CHAQ RAGHUNATH

| | | | |
|---|---|---|---|
| HOUSE HOLD ID | 09440020390000000098500077 | ADDRESS | - ; - ; MALAWA KHURD ; Chaq Raghunath ; Allahabad |
| NAME | CHHOTE LAL | | |
| FATHER'S NAME | NAND LAL | | |
| MEMBER'S NAME | ARATI; CHHOTE LAL; POOJA | | |
| MOBILE NO | | RATION CARD NO | |

परिवार की स्थिति — परिवार पाया गया ☐ परिवार अन्यत्र विस्थापित ☐ परिवार से सम्पर्क नही हो पाया ☐ परिवार यहाँ का निवासी नही है ☐

| | | | |
|---|---|---|---|
| HOUSE HOLD ID | 09440020390000000098500079 | ADDRESS | □□□□□ □□□□□ ; - ; MALAWA KHURD ; Chaq Raghunath ; Allahabad |
| NAME | MILA DEVI | | |
| FATHER'S NAME | MEVA LAL | | |
| MEMBER'S NAME | GUDIYA; MILA DEVI; PUNA DEVI; ROJA DEVI; SONI; VIJAY | | |
| MOBILE NO | | RATION CARD NO | |

परिवार की स्थिति — परिवार पाया गया ☐ परिवार अन्यत्र विस्थापित ☐ परिवार से सम्पर्क नही हो पाया ☐ परिवार यहाँ का निवासी नही है ☐

| | | | |
|---|---|---|---|
| HOUSE HOLD ID | 09440020390000000098500082 | ADDRESS | □□□□□ □□□□□ ; - ; MALAWA KHURD ; Chaq Raghunath ; Allahabad |
| NAME | DUKHI RAM | | |
| FATHER'S NAME | KANHAI | | |
| MEMBER'S NAME | CHHOTU; DUKHI RAM; NANKI | | |
| MOBILE NO | | RATION CARD NO | |

परिवार की स्थिति — परिवार पाया गया ☐ परिवार अन्यत्र विस्थापित ☐ परिवार से सम्पर्क नही हो पाया ☐ परिवार यहाँ का निवासी नही है ☐

| | | | |
|---|---|---|---|
| HOUSE HOLD ID | 09440020390000000098500084 | ADDRESS | □□□□□ □□□□□ ; - ; MALAWA KHURD ; Chaq Raghunath ; Allahabad |
| NAME | RAJENDRA | | |
| FATHER'S NAME | DUKHI RAM | | |
| MEMBER'S NAME | RAJENDRA; TARAWATI | | |
| MOBILE NO | | RATION CARD NO | |

परिवार की स्थिति — परिवार पाया गया ☐ परिवार अन्यत्र विस्थापित ☐ परिवार से सम्पर्क नही हो पाया ☐ परिवार यहाँ का निवासी नही है ☐